>

Title: Need for bailout package for District Cooperative Bank Limited in Siddharth Nagar district, Uttar Pradesh to enable it to settle the payments of its customers.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): उत्तर प्रदेश के जनपद सिद्धार्थनगर में कार्यरत लाखों लोगों का धन जिला सहकारी बैंक लिमिटेड में जमा है। जिला सहकारी बैंक पैसा न होने के कारण लोगों के जमा पैसों का भुगतान करने में असमर्थ है। यहां तक बैंक कर्मचारी भी वेतन भुगतान न मिल पाने के कारण आर्थिक तंगी से त्रस्त हो गए हैं। 31 मार्च सन् 2004 के बैंक संतुलन पत्र के आधार पर वैद्यनाथन कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर संबंधित पैकेज बनाकर नाबार्ड (लखनऊ) को प्रस्तुत किया जा चुका है, परंतु पैकेज का धन प्राप्त न होने के कारण आर्थिक संकट दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जिससे क्षेत्र की जनता में काफी रोष एवं क्षोभ है। अतः इस मामले को देखते हुए भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले में हस्तक्षेप करके तुंत कार्यवाही करें।